>

Title: Need to open branches of Nationalised Banks in Samastipur parliamentary constituency, Bihar.

श्री महेश्वर हज़ारी (समस्तीपुर): बिहार राज्य में राष्ट्रीयकृत बैंकों की संख्या में बढ़ोतरी हेतु बिहार सरकार विभिन्न माध्यमों से केन्द्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक से मांग करती रही है कि बिहार में राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाओं को बढ़ाया जाए। इस मांग के अनुरूप अभी तक अपेक्षित कार्यवाही नहीं हो पाई है जिससे बिहार राज्य की जनता को बैंकों की सुविधाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है।

इसी परिप्रेक्ष्य में मेरे संसदीय क्षेत्र में निम्न स्थानों पर किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की नई शाखाएं खोलने हेतु मैं मांग करता हूं। प्रथम समस्तीपुर जिला के सिंघिया प्रखण्ड मुख्यालय में, द्वितीय, समस्तीपुर जिला के खानपुर प्रखण्ड के बाघोपुर बाजार में, तृतीय, समस्तीपुर जिला के खानपुर प्रखण्ड के श्रीपुर गाहर चौक पर, चौथा, दरभंगा जिला के कुशेश्वर स्थान बाजार में, पांचवां दरभंगा जिला के कुशेश्वर स्थान पिश्चिमी प्रखण्ड में सती घाट एवं छठा, इसी प्रखंड के सहोरबाघाट में।

अतः सरकार से मेरी मांग है कि राष्ट्रीयकृत बैंकों की नई शाखाएं उपरोक्त स्थानों पर अविलंब खोली जाएं जिससे बिहार की जनता लाभान्वित हो सके।